web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 21 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-198

## कानपुर में बड़ा रेल हादसा

# पूर्वा एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतरे, 20 यात्री घायल

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर कानपुर के रूमा क्षेत्र में शनिवार को पूर्वा एक्सप्रेस बेपटरी होने के कारण कम से कम 20 यात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कानपुर सेंट्रल स्टेशन से करीब 15 किलोमीटर पहले रात लगभग 12:55 बजे यह हादसा उस समय हुआ जब हावड़ा से नई दिल्ली जा रही 12303 पूर्वा एक्सप्रेस तेज धमाके के साथ दो हिस्सों में बंट गयी और एक एक कर ट्रेन की 12 बोगियां पटरी से उतर गयी। इनमें से कुछ बोगियां पलट गयी। इस हादसे में कम से कम 20 यात्री घायल हो गए जिनमें चार की हालत गंभीर बताई गयी है।

हादसे के बाद यात्रियों की चीखपुकार सुनकर ग्रामीणो ने ट्रेन में फंसे यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर



पहुंचे और राहत कार्य शुरू हो गया। घायलो को कांशीराम ट्रामा सेंटर और हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिलाधिकारी विजय विश्वास पंत ने बताया कि हादसे के चलते कई ट्रेनों को जस के तस रोक दिया गया। इस हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। मामूली रूप से घायलो को प्राथमिक उपचार के बाद व अन्य यात्रियों को विशेष ट्रेन से उनके गंतव्य तक भेजा जा रहा है। ट्रेन के आठ डिब्बे पूरी तरह से पलट गए है। हादसे से रेलपथ क्षतिग्रस्त हो गया है।

रेल प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य पूरी तेजी से जारी है। क्षतिग्रस्त बोगियों को ट्रैक से हटाया जा रहा है। दोपहर बाद तक दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर यातायात बहाल किये जाने की संभावना है। इस बीच इलाहाबाद से कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से रवाना किया गया है।

रेलवे प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि हादसे में तीन एसी बोगियों समेत 11 यात्री डिब्बे और पेंट्री कार बेपटरी हुई है। हादसे के बाद लगभग एक दर्जन ट्रेनो का मार्ग परिवर्तित किया गया है जबकि कुछ को रद्द भी करना पडा है। यात्रियों को रिलिफ ट्रेन के जरिये कानपुर के लिये रवाना कर दिया गया है जहां से अन्य ट्रेनो से उन्हे गंतव्य के लिये रवाना किया जा रहा है। मौके पर एनडीआरएफ टीम स्थानीय पुलिस की मदद के लिये पहुंच चुकी है। रेलवे ने हादसे के शिकार ट्रेन के यात्रियों के परिजनो के लिये हेल्प लाइन नम्बर जारी किये है।


# दिल्ली में हमें गठबंधन की जरुरत नहीं: सिसोदिया

## हरियाणा-पंजाब में कांग्रेस की हां का इंतजार

**नईदिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में गठबंधन को लेकर बड़ी खबर आई है. दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं हो पाएगा. आप नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की एक भी सीट नहीं है फिर भी 3 सीट मांग रही है. सिसोदिया ने कहा कि पंजाब में हमारे चार सांसद और 20 विधायक हैं, फिर भी हमें पंजाब में एक भी सीट नहीं दे रहे हैं.

मनीष सिसोदिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए ये जानकारी दी. उन्होंने कहा कि गठबंधन का हमारा मकसद सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, 18 सीटों पर मोदी-शाह की जोड़ी को नीचे लाने का है. उन्होंने कहा कि देश के संविधान और संघीय ढांचे के लिए सबसे बड़ा खतरा जिस पार्टी से है, उस पार्टी को 18 सीटों पर नीचे लाते, तो यह बहुत बड़ा संदेश जाता की मोदी-शाह की जोड़ी हार रही है.

सिसोदिया ने कहा, हम दिल्ली में भी गठबंधन की जरूरत नहीं



समझते. कांग्रेस को दिल्ली में तीन सीट देना दिल्ली में बीजेपी को जिताना है. कांग्रेस सीटों के फॉर्मूले में फंसी है और हम लोग मोदी और अमित शाह को रोकने में जुटे हैं. आखिर कांग्रेस मोदी-शाह की जोड़ी की जीत की संभावना को जीवित क्यों रखना चाहती है?

आप नेता ने कहा कि देश के टुकड़े-टुकड़े करने की मंशा रखने वाली, शहीद हेमंत करकरे जैसे योद्धाओं की शहादत का अपमान करने वाली पार्टी फिर से सरकार बनाती है तो इसकी जिम्मेदार कांग्रेस होगी.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उत्तर कोरिया के साथ वार्ता जारी रखेगा अमेरिका : पोम्पियो

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने कहा है कि कोरियाई प्रायद्वीप में परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अमेरिका उत्तर कोरिया के साथ बातचीत जारी रखने की दिशा में काम करता रहेगा। इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तर कोरिया द्वारा एक नए सामरिक निर्देशित हथियार के परीक्षण के बाद पोम्पियो की यह टिप्पणी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, देश के दौरे पर आए वरिष्ठ जापानी अधिकारियों के साथ अमेरिकी विदेश विभाग के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शुक्रवार को अमेरिका के शीर्ष राजनयिक ने कहा, मुझे विश्वास है कि हमारे पास अभी भी उस परिणाम (परमाणु निरस्त्रीकरण) को हासिल करने का एक वास्तविक अवसर है और हमारी राजनयिक टीम आगे भी इस मामले को देखती रहेगी। पोम्पियो ने उत्तर कोरिया की उस मांग को अनदेखा कर दिया जिसमें उसने वार्ता के लिए उनकी जगह ज्यादा सावधान और परिपच शख्स को लाने की मांग की थी।

### ट्रंप ने लीबिया के विद्रोही जनरल हफ्तार से बात की

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लीबिया के पूर्वी कमांडर जनरल खलीफा हफ्तार से बात की है, जिनकी सेना राजधानी त्रिपोली पर हमला कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने सोमवार को फोन पर वार्ता के दौरान जनरल हफ्तार के आतंकवाद से निपटने के प्रयासों और लीबिया के तेल को सुरक्षित करने के प्रयासों को मान्यता दी और दोनों ने लीबिया के भविष्य के बारे में चर्चा की। ट्रंप के फोन कॉल से संकेत मिलता है कि वह अपने सहयोगियों में से कुछ के विपरीत जनरल हफ्तार का समर्थन करते हैं। तीन सप्ताह पहले लड़ाई शुरू होने के बाद से अब तक 200 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### पेरू के पूर्व राष्ट्रपति को तीन साल की जेल

**लीमा।** पेरू की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो पाबलो कुजिंस्की को भ्रष्टाचार के मामले में तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। पेरू के न्यायिक प्राधिकरण ने ट्विटर पर कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में 10 अप्रैल से 10 दिन की हिरासत में रहे कुजिंस्की के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले और एक आपराधिक संगठन का सदस्य होने की जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि ब्राजील की कंपनी ओडेब्रेच्ट द्वारा कथित रूप से सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने के मामले की जांच के सिलसिले में गत सप्ताह कुजिंस्की को गिरफ्तार किया गया था। कुजिंस्की ने एक वीडियो सामने आने के बाद मार्च 2018 में राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। वीडियो में उनके सहयोगी विपक्षी नेताओं से वोट खरीदते हुए दिखायी दे रहे हैं।

### गुड फ्राइडे पर आतंकी हमला, पत्रकार की हत्या

**बेलफास्ट।** गुड फ्राइडे के दिन उत्तरी आयरलैंड के लंदनडेरी में रातभर चले दंगों में एक 29 वर्षीय आयरिश पत्रकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पत्रकार ने हिंसा की एक तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की थी। इस हमले से पूरा आयरलैंड सदमें में है। पुलिस ने कहा कि यह हमला आयरिश राष्ट्रवादी आतंकियों का हो सकता है। पुलिस ने बताया कि हमला 1998 गुड फ्राइडे पीस डील के विरोध में किया गया। नॉर्दर्न आयरलैंड में गुरुवार को पुलिस की एक रेड के बाद शहर के क्रेगन एरिया में अफरातफरी मच गई। पुलिस का कहना है कि वह इस वीकेंड पर होने वाले आतंकी हमलों को रोकने की कोशिश कर रही थी। हमले में कम से कम 50 पेट्रोल बम फेंके गए और 2 कारों को आग लगा दी गी। ट्विटर पर इस हिंसा की तस्वीर पोस्ट करने के थोड़ी देर बाद ही 29 साल की पत्रकार लायरा मैकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने इसे पूरी तरह से पागलपन करार दिया था। पुलिस ने बताया कि वह इस घटना से एक आतंकी हमले की तरह निपट रहे थी और हत्या की जांच शुरू

# आईएसआईएस माड्यूल का भंडाफोड़ करने में जुटी एनआईए




**हैदराबाद।** एनआईए ने आईएसआईएस माड्यूल केस के सिलसिले में शनिवार को हैदराबाद में तीन और वर्धा में एक ठिकाने पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इन छापों में 11 सेलफोन्स, 11 सिम कार्ड, 1 आईपैड, 2 लैपटॉप, 1 हार्ड डिस्क, 6 पेन ड्राइव, 6 एसडी कार्ड और 3 वॉकी-टॉकी सेट जब्त किए हैं। इस केस के सिलसिले में चार संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। एनआईए से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी सुबह से ही चल रही थी। इसके पहले एनआइए ने अगस्त 2018 में छापेमारी के दौरान आइएसआइएस से जुड़े दो समर्थकों मोहम्मद अब्दुल्ला बासित और मोहम्मद अब्दुल कादिर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। इन दोनों संदिग्धों को लंबी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। इन पर भारत में आइएसआइएस की ओर से आतंकी हमलों को अंजाम देने के लिए युवाओं को कट्टरपंथ की ओर प्रेरित करने का आरोप था। एनआइए सूत्रों ने बताया कि इस साल फरवरी में आईएस समर्थकों के खिलाफ दायर चार्जशीट पर यह ताजा छापेमारी की गई है।

# दंतेवाड़ा से तीन नक्सलियों को किया गया गिरफ्तार


**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र दंतेवाड़ा में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को दंतेवाड़ा में तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। जिले के कटेककल्याण थाना क्षेत्र में आने वाले डुमपारा और तुमकल गांव के जंगल से नक्सलियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए नक्सलियों की पहचान मंगल कुंजाम (23 वर्ष), बुधराम मड़कामी (25 वर्ष) और वामन मण्डावी (23 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि पकड़े गए नक्सिलयों के पास से छह इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर बरामद हुए हैं। इसके साथ ही पांच जिलेटिन की छड़ें, बिजली के तारों का एक बंडल और अन्य नक्सल संबंधी सामग्री बरामद हुई है। पकड़े गए नक्सलियों को संगठन की ओर से गांव के लोगों की सभा करने, माओवादी पोस्टर और बैनर लगाने का काम सौंपा गया था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए नक्सलियों से अभी पूछताछ की जा रही है। जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कहीं ये तीनों नक्सली हाल ही में हुए नक्सली गिरोह का हिस्सा तो नहीं थे। मालूम हो कि 9 अप्रैल को हुए नक्सली हमले में भाजपा विधायक समेत चार सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे।

# न्यायपालिका की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए किया गया विशेष पीठ का गठन

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश सहित उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की एक विशेष पीठ का गठन किया गया है। इस पीठ का गठन एक विशेष



बैठक के लिए किया जा रहा है। इसमें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, माननीय अरुण मिश्रा, जस्टिस संजीव खन्ना को शामिल किया गया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा किए गए उल्लेख पर न्यायपालिका की व्यवस्था और स्वतंत्रता पर उठ रहे सवालों की वजह से किया जा रहा है। बता दें कि तुषार मेहता को 2018 में सॉलिसिटर जनरल बनाया गया था। तुषार मेहता का कार्यकाल 30 जून 2020 या फिर अगले आदेश तक रहेगा। बता दें कि तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के कई बड़े मामलों में पैरवी की है। आधार मामले में वो द्धष्ठद्ध की तरफ से पेश हुए थे। वह अयोध्या राम जन्मभूमि बाबरी विवाद में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हो रहे हैं। धारा 377 मामले में भी वो केंद्र की ओर से पेश हुए।

# घरेलू ईंधन में कटौती से बच सकती है दो लाख से ज्यादा लोगों की जान

**नई दिल्ली।** हमारी रसोई से उठने वाला धुआं भी हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली के छात्रों के मुताबिक, यदि घरों में जलने वाले ईंधन (लकड़ी, कोयला, गोबर और मिट्टी के तेल) में कटौती की जाए तो हर साल लगभग दो लाख सात हजार जानें बचाई जा सकती हैं। नेशनल साइंस एकेडमी के जर्नल में छपे एक अध्ययन में कहा गया है कि उद्योगों और वाहनों के धुएं से होने वाले प्रदूषण में बिना कोई बदलाव किए यदि केवल इन्हीं स्रोतों (घरेलू ईंधन) से होने वाले उत्सर्जन को खत्म कर दिया जाए तो देश में हवा की गुणवत्ता को औसत स्तर तक लाया जा सकता है। आइआइटी, दिल्ली के सागनिक डे और अन्य शोधार्थियों ने कहा कि घरेलू ईंधन का प्रयोग कम करने से वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों को देशभर में लगभग 13 फीसद कम किया जा सकता है।

## मॉकपोल करने के पश्चात क्लोज बटन दबाकर अधिकारी रिपोर्टिंग करेंगे, सेक्टर अधिकारी मतदान दलों के साथ बसों में होंगे रवाना

# पीठासीन अधिकारी सी-टॉप्स एप के माध्यम से मतदान संबंधित जानकारी देंगे-कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने आज सृजन सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2019 के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सेक्टर अधिकारियों के लिए आयोजित एक दिवसीय सी-टॉप्स एप प्रशिक्षण में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों में मॉकपोल करने के बाद पीठासीन अधिकारी (सीआरसी) क्लोज बटन दबाने के बाद अनिवार्य रूप से रिपोर्टिंग करेंगे। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि सी-टॉप्स एप को पीठासीन



अधिकारी अपने मोबाइल में एप डाउनलोड करके मतदान केन्द्रों में मतदान की स्थिति के संबंध में एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि सी-टॉप्स एप छत्तीसगढ़' ट्रेकिंग ऑफ पोलिंग प्रोसेस सॉफ्टवेयर चिप्स के द्वारा बनाया गया है। जिसके तहत मतदान केन्द्रों की ऑनलाईन मॉनिटरिंग की जानी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, सहायक कलेक्टर .मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी .आर.ए.कुरूवंशी, अपर कलेक्टर .सुखनाथ अहिरवार, सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए है। मतदान दलों के साथ मतदान सामग्री और रिजर्व अधिकारी को लेकर बसों में रवाना होंगे। साथ ही व्हीव्हीपेट मशीन को रोशनी, तेज गर्मी से बचाने के लिए कहा है, ताकि किसी प्रकार की समस्या न आने पाए। पीठासीन अधिकारी मतदान केन्द्रों के रवानगी होते ही अपने मोबाइल के होम पेज में दिए गए स्टार्ट ट्रेकिंग विकल्प का चयन करके ट्रेकिंग प्रारंभ करेंगे। साथ ही सामग्री वितरण केन्द्र से रवानगी से लेकर मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराकर वापस आकर सामग्री जमा करनी होगी। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उनके अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल एवं सीआरसी तथा प्रत्येक दो-दो घंटे में रिपोर्टिंग की प्रविष्टियां करेंगे और पीठासीन अधिकारी की डायरी को प्राथमिकता से भरनी होगी। उन्होंने प्रथम रिपोर्टिंग करते समय संबंधित मतदान केन्द्रों में मतदान कर चुके महिला-पुरूष, दिव्यांग, तृतीय लिंग मतदाताओं की जानकारी अनिवार्य रूप से देंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में मतदान के द्वारा की गई सभी कार्यवाही की प्रविष्टियां मोबाइल एप्लीकेशन में अधिकारियों को अनिवार्य रूप से करनी होगी।